# चित्रकूट में में मधुमक्खियों का तांडव: डीआईजी बाल-बाल बचे, सीओ समेत 9 पुलिस कर्मी घायल

सतना

कर्वी कोतवाली क्षेत्र के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बांकेसिद्ध में शनिवार को उस वक्त अफरा-तफरी मच गई,जब भ्रमण पर निकली पुलिस टीम पर मधुमक्खियों के झुंड ने अचानक हमला कर दिया। इस हमले में चित्रकूटधाम परिक्षेत्र (बांदा) के डीआईजी राजेश एस तो सुरक्षित रहे,लेकिन उनके साथ मौजूद सीओ सिटी अरविंद वर्मा समेत नौ पुलिसकर्मी बुरी तरह घायल हो गए। आनन-फानन में सभी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई।



### समाधान दिवस के बाद दर्शन करने पहुंचे थे अफसर

जानकारी के मुताबिक,डीआईजी राजेश एस शनिवार को 'संपूर्ण समाधान दिवस' के अवसर पर फरियादियों की समस्याएं सुनने के लिए चित्रकूट आए थे। ड्यूटी खत्म करने के बाद वह अपनी टीम के साथ बांकेसिद्ध धार्मिक स्थल घूमने और दर्शन करने पहुंचे थे। उनके साथ सीओ सिटी और अन्य हमराही पुलिसकर्मी भी मौजूद थे।

### पेड़ से अचानक उड़ा झुंड,मची भगदड़

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार,मंदिर परिसर के पास ही पीपल और महुआ के पेड़ों पर मधुमक्खियों के बड़े छत्ते लगे थे। अचानक किसी कारणवश मधुमक्खियां भड़क गईं और सीधे पुलिस टीम पर हमला बोल दिया। हमले के बाद वहां भगदड़ की स्थिति बन गई। पुलिसकर्मियों ने खुद को बचाने के लिए काफी मशक्कत की। कई जवानों ने अपनी जान बचाने के लिए भागकर सरकारी गाड़ियों के भीतर शरण ली। इस हमले में डीआईजी बाल-बाल बच गए,लेकिन उनके दस्ते में शामिल अरविंद वर्मा (सीओ सिटी), शैलेंद्र सिंह (सब इंस्पेक्टर),केबल चौधरी (सीओ के चालक),विनोद,शिवकुमार मिश्रा,प्रेमचंद्र ( हमराही) रमेशचंद्र,सुभाषचंद्र पांडेय व मो.बसहर (हेड कांस्टेबल) आदि घायल हो गए।



## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर शक्ति संवाद एवं सम्मान समारोह संपन्न

**मैहर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर जिला प्रशासन महिला बाल विकास जिला मैहर एवं पिपरा सेवादल बिरादरी संस्थान ग्राम पिपरा कला द्वारा संचालित परिवार परामर्श केंद्र,मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के संयुक्त तत्वाधान में स्थानीय सरना पैलेस मैहर तीन सत्रों में आयोजित किया गया। प्रथम सत्र का आयोजन अपर जिला शत्र न्यायाधीश आदेश कुमार जैन के मुख्य अतिथ पर्वतारोही सुश्री अंजना सिंह की अध्यक्षता जिला पंचायत सदस्य तारा विजय पटेल जयंती तिवारी देवदत्त सोनी जनपद सदस्य दीपा कुलदीप तिवारी प्रदीप तिवारी ब्लॉक समन्वयक जन अभियान परिषद के विशिष्ट अतिथ में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदा माता जी की पूजा अर्चना कर किया गया तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। स्वागत उद्बोधन जिला कार्यक्रम अधिकारी राजेंद्र बागडे द्वारा दिया गया जिसमें महिला कल्याण व सशक्तिकरण संबंधी शासकीय योजनाओं कानून पर अपने विचार रखें। इस अवसर पर अतिथियों ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर अपने-अपने विचार रखें। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं द्वारा कई मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई आयोजक मंडल द्वारा मंचासीन अतिथियों का शाल श्रीफल स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मान किया गया। द्वितीय सत्र का आयोजन मैहर क्षेत्र के विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी के मुख्य अतिथि जिला कलेक्टर श्रीमती रानी बाटड़ वरिष्ठ समाज सेविका नंदिता पाठक (अति विशिष्ट अतिथि) भाजपा जिला अध्यक्ष कमलेश सुहाने के विशिष्ट अतिथ में किया गया।

## खबर संक्षेप

### सरलानगर रोड पर ओवरलोड हाइवा का आतंक, आंदोलन की चेतावनी

**मैहर।** जिले की सरलानगर रोड पर बेलगाम ओवरलोड हाइवा वाहनों की आवाजाही को लेकर जिला पंचायत सदस्य देवदत्त सोनी ने प्रशासन और सीमेंट फैक्ट्रियों के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए उग्र आंदोलन की चेतावनी दी है। पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि मैहर क्षेत्र में तीन-तीन बड़ी सीमेंट फैक्ट्रियों के संचालित होने के बावजूद स्थानीय लोग धूल,प्रदूषण और बीमारियों से जूझने को मजबूर हैं।उन्होंने आरोप लगाया कि सैकड़ों की संख्या में हाइवा और भारी वाहन सरलानगर एवं भटूरा रोड पर लगातार दौड़ रहे हैं,जिससे आम नागरिकों का सड़क पर निकलना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात ऐसे हैं मानो यह सड़क आम लोगों के लिए नहीं बल्कि केवल पत्थर और खनिज ढोने वाले भारी वाहनों के लिए ही बनाई गई हो। कई गांवों में हैंडपंप पानी के बजाय हवा उगल रहे हैं,जिससे ग्रामीणों के सामने पेयजल का गहरा संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने प्रशासन से मांग की कि फैक्ट्रियों द्वारा गांवों की जमीन लीज पर लेकर उन्हें खाली कराने की प्रक्रिया पर तत्काल रोक लगाई जाए तथा केजेएस सीमेंट की लीज निरस्त करने की कार्रवाई की जाए। साथ ही पहाड़ क्षेत्र में बिचौलियों द्वारा आदिवासी जमीनों को औने-पौने दामों पर खरीदने और फर्जी तरीके से लेन-देन करने की गतिविधियों पर भी सख्त रोक लगाने की मांग की। फैक्ट्रियों में काम कर रहे मजदूरों के शोषण का मुद्दा उठाते हुए कहा कि ठेकेदारों के माध्यम से काम कर रहे मजदूरों को समय पर भुगतान नहीं किया जाता और उनके अधिकारों की अनदेखी की जा रही है। अंत में उन्होंने प्रशासन और संबंधित कंपनियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि जल्द ही इन समस्याओं पर ठोस कार्रवाई नहीं की गई तो पहाड़ क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों के साथ मिलकर बड़ा और उग्र आंदोलन किया जाएगा,जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन और फैक्ट्रियों की होगी।

### बालक को पुलिस ने माता पिता से मिलाया

**कटनी।** उमरिया पान पुलिस ने 5 वर्षीय मासूम को महज कुछ घंटों के भीतर सुरक्षित ढूंढकर उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया। जानकारी के अनुसार गत दिवस पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम पंचायत महनेर में एक 5 साल का बालक अकेला घूम रहा है और अपना रास्ता भूल गया है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी उप निरीक्षक महेंद्र कुमार जायसवाल के नेतृत्व में पुलिस टीम ने त्वरित संज्ञान लिया। डायल 112 की मदद से बच्चे को सुरक्षित थाने लाया गया। पुलिस के अच्छे व्यवहार से बच्चे का डर दूर हुआ और उसने अपने गांव का नाम 'कोठी' बताया। बच्चे से मिली जानकारी के आधार पर उमरिया पान पुलिस ने तत्काल थाना ढीमरखेड़ा के ग्राम कोठी में संपर्क किया।

## चित्रकूट में एनएसएस राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर का भव्य शुभारंभ

उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने किया उद्घाटन; बोले-भारतीय ज्ञान परंपरा ही राष्ट्र निर्माण की शक्ति

सतना

मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार बीते दिन धर्मनगरी चित्रकूट पहुंचे। वे यहाँ राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय नेतृत्व प्रशिक्षण शिविर एवं सम्मेलन के शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए।

### भव्य स्वागत और सम्मान

मंत्री परमार के आगमन पर महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के प्रतिनिधियों और स्थानीय प्रशासन द्वारा उनका आत्मीय स्वागत किया गया। आरोग्य धाम गेस्ट हाउस में आयोजित स्वागत समारोह के दौरान विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.आलोक चौबे और कुलसचिव प्रो.आञ्जनेय पांडेय ने उन्हें पुष्पगुच्छ



(फ्लॉवर स्टिक) भेंट कर सम्मानित किया।

### भारतीय संस्कृति और कौशल पर जोर

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए मंत्री इंदर सिंह परमार ने भारतीय ज्ञान परंपरा की महत्ता पर विशेष प्रकाश डाला। उन्होंने कहा भारत की सभ्यता और संस्कृति का मूल आधार हमारी समृद्ध ज्ञान,कौशल और जीवन मूल्यों की परंपरा है। भारतीय समाज में रचे-बसे सेवा भाव और कौशल ही विकसित राष्ट्र के निर्माण में सबसे महत्वपूर्ण शक्ति के रूप में कार्य करते हैं।

## ईरान-इजराइल युद्ध की तपिश अब सतना में: प्लंबर से लेकर बिजली वायरिंग तक सब कुछ हुआ महंगा!

**सतना।** खाड़ी देशों में युद्ध के बाद बिगड़े हालात और कच्चे तेल की कीमतों में आई तेजी ने स्थानीय बाजार का गणित बिगाड़ दिया है। सतना के निर्माण सेक्टर और रिटेल मार्केट में इसका सीधा असर दिख रहा है। घर बनाने की सोच रहे लोगों के लिए अब प्लंबिंग और बिजली फिटिंग का बजट 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़ गया है।

### कच्चे माल की किल्लत और बढ़ी कीमतें

प्लास्टिक आधारित उत्पादों के निर्माण में इस्तेमाल होने वाला पीवीसी रेजिन जो एक सप्ताह पहले तक 70 रुपये प्रति किलो के आसपास था,अब उछलकर 95 रुपये के पार



पहुंच गया है। प्लास्टिक दानाः अलग-अलग क्वालिटी के दाने 80 रुपए से 150 रुपए प्रति किलो तक बिक रहे हैं। बड़ी कंपनियां रेट खोलने से बच रही हैं,जिससे स्थानीय डीलरों के पास स्टॉक की कमी होने लगी है।

### किन चीजों पर पड़ी सबसे ज्यादा मार?

बिजली के पाइप और तार 10%-15% वायरिंग का खर्च बढ़ा। प्लास्टिक बोरे 10%-12% पैकेजिंग इंडस्ट्री पर असर। प्लंबिंग फिटिंग 15% तक घर निर्माण की लागत बढ़ी मोबिल और लुब्रिकेंट्स 5-15 रुपए प्रति लीटर परिवहन और मशीनों का खर्च बढ़ा है उधर,सरिया और लोहा अस्थिर है।

### गर्मी के सीजन में बढ़ा दोहरा बोझ

इस वक्त गर्मी के कारण कूलर,एसी और पंखों की मांग है।कच्चे माल की महंगाई और ट्रांसपोर्टेशन कॉस्ट बढ़ने के कारण दुकानदारों ने इन उपकरणों की कीमतों में भी इजाफा कर दिया है। शहर के व्यापारियों का कहना है कि यदि युद्ध के हालात जल्द नहीं सुधरे,तो आने वाले दिनों में किल्लत और बढ़ सकती है। चल रहे हाउसिंग प्रोजेक्ट्स और निजी मकानों के निर्माण में देरी की आशंका बढ़ गई है। उद्यमियों का कहना है कि प्रोडक्शन कॉस्ट बढ़ने के कारण कई यूनिटों ने उत्पादन में कटौती कर दी है। बिजली वायरिंग वाले पाइप और प्लंबिंग के सामान की सप्लाई चेन बाधित होने से कांट्रैक्टर्स और मकान मालिक दोनों परेशान हैं।

## एयरपोर्ट से जुड़ी करोड़ों की निजी भूमि को सरकारी घोषित करने के आदेश पर हाईकोर्ट की रोक

**सतना।** मध्य प्रदेश हाईकोर्ट ने सतना के रघुराजनगर स्थित करोड़ों रुपये की निजी भूमि को सरकारी घोषित करने के प्रशासन के आदेश पर अंतरिम रोक लगा दी है। जस्टिस विशाल मिश्रा की एकलपीठ ने मामले की गंभीरता को देखते हुए विवादित भूमि पर 'यथास्थिति' बनाए रखने और याचिकाकर्ताओं को बेदखल न करने के कड़े निर्देश दिए हैं।

### प्रमुख बिंदु: कोर्ट का रुख और आदेश

न्यायालय ने इस मामले में राज्य शासन,सतना कलेक्टर और भारतीय विमानतल प्राधिकरण को नोटिस जारी कर 7 कार्य दिवसों के भीतर जवाब तलब किया है।

**कोर्ट ने स्पष्ट किया है कि यथास्थिति बरकरार रहे:**

याचिकाकर्ता फिलहाल जमीन पर काबिज हैं, इसलिए अगली सुनवाई तक उनकी स्थिति में कोई बदलाव न किया जाए।





### बेदखली पर रोक:

प्रशासन याचिकाकर्ताओं को उनकी पैतृक भूमि से जबरन बेदखल नहीं कर सकेगा। याचिकाकर्ताओं को आर ए डी मोड के माध्यम से 7 दिनों के भीतर प्रोसेस फीस जमा करने को कहा गया है,अन्यथा याचिका खारिज मानी जाएगी।

### क्या है पूरा विवाद?

यह मामला प्रेरणा सिंह व अन्य द्वारा दायर याचिका से जुड़ा है। याचिकाकर्ताओं के अधिवक्ता ने कोर्ट में दलील दी कि फरवरी 2026 में एसडीओ ने बिना किसी वैधानिक भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया या मुआवजा दिए,याचिकाकर्ताओं की पैतृक भूमि को सरकारी घोषित कर दिया।आरोप है कि प्रशासन ने भू-राजस्व संहिता की धारा 115 का दुरुपयोग कर राजस्व रिकॉर्ड में बदलाव किया है। याचिकाकर्ताओं का कहना है कि प्रशासन ने कभी भी इस जमीन का वास्तविक कब्जा नहीं लिया और वे आज भी उस पर काबिज हैं, लेकिन वर्तमान में उन्हें बेदखल किए जाने का सीधा खतरा बना हुआ है। हाईकोर्ट के इस हस्तक्षेप के बाद अब प्रशासन को यह साबित करना होगा कि करोड़ों की इस निजी भूमि को सरकारी घोषित करने के लिए किन कानूनी प्रक्रियाओं का पालन किया गया था।

## जैतवारा पुलिस ने 72 घंटे में सुलझाई अंधे कत्ल की गुत्थी; मृतक की पत्नी और प्रेमी गिरफ्तार

**पत्थर से कुचलकर की गई थी हत्या, अवैध संबंध और उधारी का पैसा बना कत्ल की वजह**

सतना

जिले की जैतवारा थाना पुलिस ने एक अंधे हत्याकांड का सनसनीखेज खुलासा करते हुए आरोपी प्रेमी और साजिश में शामिल मृतक की पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशन में टीम ने मात्र 72 घंटों के भीतर साक्ष्यों का मिलान करते हुए आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया है।





### क्या था मामला?

बीती 5 मार्च 2026 को नदी पुल के नीचे कौशलेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ डब्लू का लहुलुहान शव बरामद हुआ था। मृतक के सिर पर किसी भारी वस्तु से प्रहार के निशान थे। परिजनों की रिपोर्ट पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 103(1), 238(ए) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी।

### त्रिकोणीय प्रेम और उधारी का विवाद

विवेचना के दौरान पुलिस ने तकनीकी साक्ष्यों और संदिग्धों की गतिविधियों के आधार पर संदीप पटेल 32 वर्ष,निवासी बांदा,यूपी और मृतक की पत्नी कुसुम सिंह उर्फ रीना 28 वर्ष को हिरासत में लिया। कड़ी पूछताछ में आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी संदीप पटेल का मृतक की पत्नी से प्रेम प्रसंग था और मृतक के साथ उसका उधारी के पैसों को लेकर भी विवाद चल रहा था। इसी रंजिश के चलते संदीप ने कुसुम के साथ मिलकर हत्या का षडयंत्र रचा।

### कैसे दिया वारदात को अंजाम?

योजना के मुताबिक,आरोपी संदीप ने कौशलेन्द्र पर पत्थर से ताबड़तोड़ हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। साक्ष्य छिपाने की नियत से वह शव को घसीटते हुए नदी पुल के नीचे फेंक कर फरार हो गया। हत्या के बाद उसने इसकी जानकारी मृतक की पत्नी को भी दी थी। पुलिस ने मामले में आपराधिक षडयंत्र की धारा 61(2) बीएनएस का इजाफा किया है। आरोपी संदीप पटेल (बांदा,यूपी) एवं कुसुम सिंह (जैतवारा)। हत्या में प्रयुक्त पत्थर और मोटरसाइकिल (UP90AE2297) बरामद कर लिया गया है।इस कार्यवाही में थाना प्रभारी जैतवारा अभिषेक कुमार पाण्डेय,कोटर प्रभारी दिलीप मिश्रा,साइबर सेल प्रभारी अजीत सिंह और उनकी टीम की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया,जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा के तहत जेल भेज दिया गया है।

## रामनवमीं पर सजेगी अलौकिक छटा सामाजिक समरसता की दिखेगी भव्य झलक







**सतना।** हिंदू पर्व समन्वय समिति के तत्वावधान में इस वर्ष श्री रामनवमी शोभायात्रा अपने 22वें वर्ष में ऐतिहासिक और भव्य स्वरूप में आयोजित की जाएगी। 27 मार्च को आयोजित होने वाले इस जन्मोत्सव की तैयारियों को लेकर समस्त सामाजिक संगठनों की एक वृहद बैठक संपन्न हुई। बैठक में सांसद गणेश सिंह ने मुख्य अतिथि के रूप में समाज की एकता और समरसता पर बल देते हुए कहा कि ऊंच-नीच के भेदभाव को त्यागकर संपूर्ण हिंदू समाज को एकजुट होना चाहिए। उन्होंने हर परिवार से इस सनातनी संस्कृति के संरक्षण हेतु शोभायात्रा में शामिल होने की अपील की।कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्रीराम, चित्रगुप्त जी और भारत माता की आरती व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। समन्वय समिति के अध्यक्ष मणिकांत माहेश्वरी ने 'अबकी बार-हर परिवार' के संकल्प को दोहराया। महापौर योगेश ताम्रकार ने युवाओं से भगवा साफा पहनकर शौर्य प्रदर्शन करने और पर्यावरण संरक्षण हेतु प्लास्टिक मुक्त सेवा भाव अपनाने का आग्रह किया। वरिष्ठ सदस्य उत्तम बनर्जी ने बताया कि नगर को सात शक्ति केंद्रों में बांटकर घर-घर अक्षत और आमंत्रण पत्र वितरित किए जा रहे हैं। बैठक में विभिन्न समाजों के प्रतिनिधियों ने नगर सज्जा, पुष्प वर्षा और भव्य स्वागत का संकल्प लिया,जिससे 27 मार्च को सतना में एक 'दिव्य महाकुंभ' का दृश्य परिलक्षित होगा।





## जागरूकता रैली आयोजित

मैहर। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर मैहर में जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ मैहर सर्किट हाउस से मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने हरी झंडी दिखाकर किया। यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए सरना पैलेस तक पहुंचेगी,जहां महिलाओं के सम्मान में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा तथा महिलाओं को सम्मानित किया जाएगा।

रैली का उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों,शिक्षा,स्वास्थ्य और आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि समाज के विकास में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है और महिला सशक्तिकरण के लिए सभी को मिलकर कार्य करना चाहिए। इस अवसर पर अरुण तनय मिश्रा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी,गणमान्य नागरिक और बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

बिजनेस साइट

## डायवर्सिफाइड इक्विटी ऑल कैप एफओएफ स्ट्रक्चर, प्रक्रिया और अधिक लचकता देते हैं

**सतना।** इक्विटी निवेश में धैर्य, अनुशासन और मार्केट में बिताए गए समय का इनाम मिलता है। एक अच्छी तरह से डिजाइन किया गया पोर्टफोलियो शायद ही कभी अचानक होता है। यह एक साफ मकसद और एक बार-बार दोहराया जाने वाला प्रोसेस दिखाता है, जो कभी-कभी बोरिंग लग सकता है। एक डायवर्सिफाइड इक्विटी ऑल कैप फंड ऑफ फंड्स (एफओएफ) इसी सिद्धांत पर बनाया गया है। इसका मकसद सभी मार्केट कैपिटलाइजेशन में घरेलू एक्टिव इक्विटी-ओरिएंटेड स्कीम में निवेश के जरिए लंबे समय में कैपिटल बढ़ाना है। कंपनियों में सीधे निवेश करने के बजाय, यह अंडरलाइंग फंड्स-लार्ज कैप, लार्ज और मिड कैप, मिड कैप, स्मॉल कैप, फ्लेक्सी कैप, फोकस्ड और मल्टी कैप- को चुनता है, जिससे लेयर्ड डायवर्सिफिकेशन बनता है।



सुखबीर सिंह
म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर, सतना

निवेश प्रोसेस आमतौर पर मैक्रो और माइक्रो पैरामीटर्स के बड़े आकलन से शुरू होता है और इस दौरान ग्रोथ ट्रेंड्स, महंगाई, ब्याज दरों, मांग के हालात और वैश्विक घटनाक्रमों पर नजर रखी जाती है। मार्केट-कैप आकर्षण का भी मूल्यांकन किया जाता है और मौजूदा मार्केट और आर्थिक हालात के आधार पर एक्सपोजर को वितरित करने या चुनिंदा आधार पर एक तरफ झुकाया जा सकता है। यहां एक महत्वपूर्ण कारक अंदाज में विविधिता लाना है। अलग-अलग अंडरलाइंग स्कीम्स वैल्यू, ग्रोथ, कॉन्ट्रेरियन या बॉटम-अप अप्रोच को फॉलो कर सकती हैं। समय के साथ, स्टाइल का यह मिक्स मार्केट के अलग-अलग फेज में सफर को आसान बनाने में मदद कर सकता है।

अभी के माहौल में, मार्केट पहले ही कई नेगेटिव ट्रिगर झेल चुका है। विदेशी संस्थागत से निवेश का प्रवाह एक जैसा नहीं रहा है, रुपये में गिरावट आई है, और बढ़ती जियोपॉलिटिकल चिंताओं के बीच वैश्विक आर्थिक संकेतों पर नजर रखी जा रही है। साथ ही, घरेलू फंडामेंटल्स, जैसे मांग के रुझान, वित्तीय सुधार, बैलेंस शीट में सुधार आदि लंबे समय के लिए एक अच्छा बैकग्राउंड देते रहते हैं।

उतार-चढ़ाव बाजार की एक प्रमुख खासियत है। लेकिन मार्केट-कैप बेस्ड स्कीम्स में जाने की फ्लेक्सिबिलिटी, जिसे अनुशासित असेसमेंट से सपोर्ट मिलता है, पोर्टफोलियो को रिएक्ट करने के बजाय खुद को ढालने में मदद करती है। लंबे समय के निवेशकों के लिए, स्ट्रक्चर और स्वीकार्यता का यह संयोजन काफी अंतर ला सकता है। यहीं पर मौजूद डायवर्सिफाइड ऑल कैप इक्विटी एफओएफ अपनी अहमियत बताते हैं। ऐसी स्कीम्स मार्केट-कैप एलोकेशन के लिए एक सिंगल, स्ट्रक्चर्ड समाधान के तौर पर काम कर सकती हैं, जिससे निवेशकों को खुद सेगमेंट्स को सक्रिय तौर पर सही समय पर कदम उठाने की जरूरत कम हो जाती है। क्योंकि सभी महत्वपूर्ण फैसले फंड मैनेजर ले रहे होते हैं।

ऐसा ही एक ऑफर है आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल डायवर्सिफाइड इक्विटी ऑल कैप एक्टिव एफओएफ, जो एक ओपन-एंडेड फंड ऑफ फंड्स है, जो एक अनुशासित इन-हाउस फ्रेमवर्क के जरिए सभी मार्केट कैप में पूरी सक्रियता से प्रबंधित इक्विटी स्कीम तक पहुंच देता है। मार्केट की स्थितियों और आंतरिक मूल्यांकन के आधार पर, फंड मैनेजर अपने आप एलोकेशन तय करते हैं। न्यू फंड ऑफर (एनएफओ) 02 मार्च से 16 मार्च, 2026 तक निवेश के लिए खुला है।

## खबर संक्षेप

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर निःशुल्क एचपीव्ही टीकाकरण अभियान- बेटियों के भविष्य की सुरक्षा हेतु विशेष पहल





**सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से बचाव हेतु किया जा रहा एचपीव्ही वैक्सीन- डॉ. अभिषेक जैन**

**पन्ना।** डॉ. अभिषेक जैन मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी द्वारा सभी अभिभावकों एवं 14 वर्ष आयु की बालिकाओं को सूचित किया जाता है कि महिला दिवस के उपलक्ष्य में दिनांक 8 मार्च 2026 (रविवार) को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र देवेंद्रनगर तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ककरहटी, बराछ, रकसेहा में ह्यूमन पैपिलोमावायरस (भ्ट्ट) वैक्सीन का निःशुल्क टीकाकरण अभियान आयोजित किया गया। यह टीकाकरण विशेष रूप से सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव हेतु किया जा रहा है भ्ट्ट वैक्सीन बालिकाओं के भविष्य को सुरक्षित बनाने की दिशा में एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है तथा यह रोग-निवारण में अत्यधिक प्रभावी सिद्ध हुआ है अतः सभी अभिभावकों से विनम्र निवेदन है कि वे अपनी 14 वर्ष की बालिकाओं को उक्त स्वास्थ्य केंद्रों पर अवश्य लेकर आएँ और उनका निःशुल्क टीकाकरण कराएँ।

### संचरण संधारण संभाग में धूमधाम से मनाया गया लाइनमैन दिवस, 43 लाइन कर्मियों का हुआ सम्मान



**पन्ना।** संचरण संधारण संभाग में लाइनमैन दिवस उत्साह और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अधीक्षण अभियंता श्री अशोक कुमार निकोसे उपस्थित रहे। इस अवसर पर कंपनी स्तर पर 5 उत्कृष्ट लाइन कर्मियों को सम्मानित किया गया, जबकि संभागीय स्तर पर 43 लाइन कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि अधीक्षण अभियंता अशोक कुमार निकोसे लाइन कर्मियों को सम्मानित करते हुए कहा कि लाइनमैन विद्युत व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं। उन्होंने सभी कर्मियों से सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया। वहीं कार्यपालन अभियंता अमितेश कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में लाइनमैन को कंपनी के हीरो बताते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी वे निरंतर सेवा देकर विद्युत व्यवस्था को सुचारु बनाए रखते हैं। उन्होंने सभी लाइन कर्मियों से सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सेवा प्रदान करने तथा कंपनी के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए सकारात्मक प्रयास करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सभी लाइनमैन को सुरक्षा शपथ भी दिलाई गई तथा प्रबंध संचालक के संदेश का वाचन किया गया। कार्यक्रम में कंपनी के सभी संगठनों के पदाधिकारी, अधिकारी एवं कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अमरदीप सिंह परिहार द्वारा किया गया, जबकि अंत में विनोद कुमार सक्सेना सहायक अभियंता ने आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

### सामुदायिक भवन लखेरा में कल लगेगा शिविर

**कटनी।** नगर निगम सीमा क्षेत्र के विभिन्न वार्डो हेतु 16 फरवरी से 16 मार्च 2026 तक संकल्प से समाधान अभियान के द्वितीय चरण के तहत जोनवार आयोजित होने वाले विशेष शिविरों के तहत सोमवार 9 मार्च को प्रातः 11 बजे से वार्ड क्रमांक 30 से 34 तक एवं वार्ड क्रमांक 37 हेतु जोन क्रमांक 5 खेरमाई सामुदायिक भवन लखेरा में शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर के दौरान नागरिकों एवं जरूरतमंद एवं पात्र हितग्राहियों को शासन की हितग्राही मूलक योजनाओं एवं सेवाओं से लाभान्वित करने की कार्यवाही की जाएगी।

**अवैध शराब के विरुद्ध कार्यवाही - चौकी मोहन्द्रा क्षेत्र में अवैध शराब परिवहन करते वाहन से 8 पेटी शराब जप्त**

# आरोपी वाहन छोड़कर मौके से फरार, पुलिस द्वारा वाहन सहित अवैध शराब जप्त

पन्ना

पन्ना जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करने हेतु पुलिस अधीक्षक पन्ना श्रीमति निवेदिता नायडू के निर्देशन में जिले की पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में चौकी मोहन्द्रा थाना सिमरिया पुलिस द्वारा अवैध शराब के परिवहन के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए 08 पेटी अवैध शराब सहित एक चार पहिया वाहन जप्त किया गया है। दिनांक 08.03.2026 को चौकी प्रभारी मोहन्द्रा उनि0 दीपक भदौरिया अपने हमराही बल प्र.आर. रवि पाठक, सर्वेन्द्र कुमार एवं चालक अखिल शुक्ला के साथ शासकीय वाहन से कस्बा गस्त मे जा रहे थे, दौरान गस्त मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अजय पाल लोधी पिता हरवंश लोधी निवासी बड़खेरा थाना सिमरिया अपनी बलेनो कार क्रमांक ड्च्35र्-। 5906 से अवैध शराब का परिवहन करते हुए बड़खेरा से रीठी की ओर आ रहा है। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर के बताए स्थान हेमराज लोधी के खेत, ग्राम रीछी के पास घेराबंदी की गई। कुछ समय बाद संदिग्ध वाहन आता दिखाई दिया जिसे रोकने का प्रयास किया गया, किन्तु वाहन चालक तेज गति से वाहन लेकर खेतों की ओर भाग गया। वाहन खेत में जाकर क्षतिग्रस्त होकर बंद हो गया तथा चालक मौके से अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस द्वारा वाहन की तलाशी लेने पर वाहन की डिग्गी से 02 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब (100 क्वार्टर) एवं 06 पेटी देशी प्लेन शराब (300 क्वार्टर) कुल 08 पेटी अवैध शराब (करीब 72 लीटर) बरामद की गई जिसकी कुल कीमत लगभग 31,000 है। साथ ही परिवहन में प्रयुक्त बलेनो कार क्रमांक ड्च्35र्-। 5906 कीमती लगभग 6,00,000 को भी जप्त किया गया। इस प्रकार कुल 6,31,000 मूल्य का मशरूका जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना सिमरिया में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है, फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।




**जप्त सामग्री:-**

02 पेटी अंग्रेजी गोवा शराब (100 क्वार्टर) एवं 06 पेटी देशी प्लेन शराब (300 क्वार्टर) कुल 08 पेटी अवैध शराब (करीब 72 लीटर) एक बलेनो कार क्रमांक ड्च्35र्-। 5906 कीमती लगभग 6,00,000 इस प्रकार कुल 6,31,000 मूल्य का मशरूका जप्त किया गया ।

नाम पता आरोपी 01. अजय पाल लोधी पिता हरवंश लोधी निवासी बड़खेरा थाना सिमरिया जिला पन्ना (म.प्र.)

**सराहनीय योगदान-**

उक्त कार्यवाही थाना प्रभारी सिमरिया योगेन्द्र गायकवार, चौकी प्रभारी मोहन्द्र दीपक भदोरिया चौकी प्रभारी हरदुआ, उनि0 जे पी अहिरवार, प्र.आर. रवि पाठक, सर्वेन्द्र कुमार, आर0 दिव्यराज बुन्देला, राहुल पटेल आर. (चालक) अखिल शुक्ला का सराहनीय योगदान रहा।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर ग्राम वन समिति की महिला सदस्यों का सम्मान






### 80 वर्षीय वरिष्ट ग्रामवासी चिनजी बाई पटेल का साल श्री फल से किया गया सम्मान

पन्ना। दक्षिण पन्ना वनमण्डल के शाहनगर वन परिक्षेत्र अंतर्गत दिनांक 08 मार्च 2026 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर ग्राम वन समिति महेबा-बोरी की सक्रिय महिला सदस्यों का सम्मान किया गया। वन परिक्षेत्र अधिकारी शाहनगर के निर्देशन में आयोजित इस कार्यक्रम में समिति की सक्रिय सदस्य श्रीमती तारा बाई विश्वकर्मा एवं श्रीमती शंका बाई बर्मन के साथ लगभग 80 वर्षीय वरिष्ठ ग्रामवासी चिनजी बाई पटेल को श्रीफल, साल, मिठाई एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्राम वन समिति महेबा के अध्यक्ष भूरा बंजारा सहित फूलचंद्र पटेल, मोहन विश्वकर्मा, केशव प्रसाद दहायत, मनोज पटेल तथा वनरक्षक प्रेम नारायण वर्मा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित ग्रामीणों ने वन एवं वन्यजीव संरक्षण में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की तथा समाज में उनके योगदान को सम्मानित करने की आवश्यकता पर बल दिया।

**हम टकराव नहीं चाहते, प्रशासन मनमानी से बाज आए - अमित भटनागर**

## ज़मीन छीनी, अब जान मत छीनो- अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रभावित महिलाओं ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र

### केन बेतवा प्रभावितों की किसान महाचौपाल में उमड़ा जनसैलाब

पन्ना

पन्ना जिले में विस्थापित किसानों और आदिवासी परिवारों के हक की लड़ाई को लेकर जय किसान संगठन के बैनर तले चल रही "न्याय अधिकार पदयात्रा" बड़ी संख्या में जनसमर्थन जुटा रही है।सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर के नेतृत्व में आयोजित इस पदयात्रा का मुख्य संदेश है कृ "ज़मीन छीनी, अब जान मत छीनो।" पदयात्रा में बड़ी संख्या में ग्रामीण, विशेषकर आदिवासी समुदाय और महिलाएं शामिल हो रही हैं और अपने अधिकारों की आवाज बुलंद कर रही हैं। पदयात्रा के दौरान 7 और 8 मार्च को पन्ना जिले के केन-बेतवा परियोजना से प्रभावित गांवों में पहुंचकर ग्रामीणों से संवाद किया गया। इन गांवों में लोगों ने बताया कि परियोजना के कारण उन्हें विस्थापन का सामना करना पड़ रहा है और कई मामलों में उचित मुआवजा और पुनर्वास की प्रक्रिया स्पष्ट नहीं है। किसानों ने कहा कि विकास के नाम पर उनकी जमीन और आजीविका दोनों खतरे में पड़ गई हैं।

**गहदरा में 9 गांवों की महाचौपाल में उमड़ा प्रभावित महिलाओं का शैलाव -**

पदयात्रा के पहले दिन रक्सेहा, कटहरी, बिलहटा, कोनी, मझोली और खमरी गांवों में संवाद किया गया और खमरी में रात्रि विश्राम हुआ। दूसरे दिन मरहा, कूड़न और गहदरा गांवों में पदयात्रा पहुंची। गहदरा में 9 प्रभावित गांवों की महाचौपाल आयोजित की गई, जिसमें सैकड़ों ग्रामीण शामिल हुए। सभा में बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग और महिलाएं मौजूद रहीं। महाचौपाल में लोगों ने अपने दर्द और समस्याएं खुलकर सामने रखीं।





**महिला दिवस पर महिलाओं ने प्रधानमंत्री को लिखा पत्र-**

महाचौपाल के दौरान बड़ी संख्या में महिलाओं ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री के नाम पत्र लिखकर प्रशासन की मनमानी और गुंडागर्दी की शिकायत की। महिलाओं ने मांग की कि विस्थापित परिवारों को न्याय दिया जाए और उनकी जमीन तथा आजीविका की सुरक्षा सुनिश्चित की जाय। पदयात्रा का नेतृत्व कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर ने कहा कि "हमारा उद्देश्य टकराव करना नहीं है। हम चाहते हैं कि प्रशासन संवेदनशीलता के साथ किसानों और आदिवासी परिवारों की समस्याओं को सुने। लेकिन प्रशासन को मनमानी से बाज आना होगा।"उन्होंने कहा कि विस्थापन से जुड़े मामलों में भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन अधिनियम (स्।त्त्।) 2013 और ग्राम सभा की सहमति से जुड़े कानूनी प्रावधानों का पालन किया जाना चाहिए।

**दर्दनाक घटनाओं का जिक्र, परिजन रो पड़े-**

महाचौपाल में कई परिवारों ने अपनी पीड़ा साझा की। ग्रामीणों ने बताया कि विस्थापन और मानसिक तनाव के कारण कई लोग सदमे में अपनी जान तक गंवा चुके हैं। इनमें खमरी के राजाराम आदिवासी, दयाराम गौड़ और गहदरा भवानी प्रसाद तिवारी का जिक्र किया गया। इन घटनाओं का उल्लेख करते समय उनके परिजन भावुक हो गए और कई लोग रो पड़े।

**10 मार्च को प्रेस वार्ता, 11 को कलेक्ट्रेट -**

पदयात्रा के समापन के बाद, 10 मार्च को पन्ना में प्रेस वार्ता आयोजित की जाएगी, 11 मार्च को प्रभावित ग्रामीणों का प्रतिनिधिमंडल पन्ना कलेक्ट्रेट पहुंचकर कलेक्टर से मुलाकात करेगाजहां किसानों और विस्थापित परिवारों की समस्याओं से अवगत कराते हुए कानूनी और व्यवहारिक समाधान की मांग की जाएगी।

**पद यात्रा व महाचौपाल में ये लोग रहे मौजूद-**

कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता अमित भटनागर के साथ पूर्व सरपंच बब्लू यादव, जनपद सदस्य दयाराम मराबी, पूर्व सरपंच जीत सिंह गौड़, सुमित रानी आदिवासी, पूर्व जनपद सदस्य महेश आदिवासी, जगदीश गौड़, कुंजी सौर, राकेश तिवारी, रज्जु महाराज, उपसरपंच हरप्रसाद आदिवासी, बाबूलाल आदिवासीसहित बड़ी संख्या में प्रभावित ग्रामीण और आदिवासी समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

**पृथ्वी ट्रस्ट ने हीरापुर मे मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस'**

# हीरापुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर 13 महिलाओं का हुआ सम्मान

*ग्रामीण क्षेत्रों में महिला शक्तिकरण की दिशा में किये कार्य पर सम्मान से नवाजा गया*

पन्ना

सामाजिक संस्था पृथ्वी ट्रस्ट द्वारा पन्ना जनपद कि ग्राम पंचायत सकरिया के ग्राम हीरापुर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कार्यक्षेत्र के विभिन्न गांवों से सैकड़ों महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भागीदारी की। इस अवसर पर समाज में उल्लेखनीय कार्य करने वाली 13 महिलाओं को फूल माला एवं उपहार देकर सम्मानित किया गया। सम्मानित महिलाओं में शामिल हैं सोमवती कोंडर (ग्राम रानीपुर) जिन्होंने गांव की महिलाओं के साथ मिलकर स्कूल में पोषण वाटिका तैयार की तथा मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण प्राप्त कर राजस्थान जाकर लगभग 100 महिलाओं को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया। तिरसिया गौड़ (गांधी ग्राम) जिन्होंने अपने गांव में मशरूम उत्पादन की प्रक्रिया से जुड़कर लगभग 20 परिवारों को निःशुल्क प्रशिक्षण दिया तथा राजस्थान में भी महिलाओं को मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण प्रदान किया। चंद्रवती गौड़ एवं बुईया गौड़ (ग्राम सुनहरा) जिन्होंने गांव की महिलाओं का संगठन बनाकर सामुदायिक पोषण वाटिका तैयार की, जिसे पूर्ण रूप से जैविक पद्धति से विकसित किया गया है। इस पोषण वाटिका से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं तथा कुपोषित बच्चों के परिवारों को निःशुल्क सब्जियां उपलब्ध कराई जा रही हैं। निशा, अभिलाषा एवं जशोदा गौड़ (ग्राम जरुआपुर) जिन्होंने अपने गांव की महिलाओं को जैविक खेती के लिए प्रेरित किया तथा लगभग 10 परिवारों में जैविक पोषण वाटिका तैयार करने में सहयोग दिया। साथ ही मशरूम उत्पादन के लिए भी महिलाओं को प्रेरित किया। सीता, गीता, माया एवं वर्षा गौड़ (ग्राम हीरापुर) जो अपने गांव में नवीन आंगनबाड़ी केंद्र के संचालन के लिए महिला समूह का नेतृत्व कर रही हैं तथा समुदाय को शिक्षा एवं पोषण के प्रति प्रेरित कर रही हैं। चमेली बाई एवं गिरजा बाई (ग्राम चौपरा) जिन्होंने गांव की महिलाओं का नेतृत्व करते हुए जल संरक्षण के लिए 4 बोरी बंधान एवं नाला गहरीकरण जैसे कार्य कराए।





कार्यक्रम में पृथ्वी ट्रस्ट से समीना यूसुफ ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से समाज में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा महिलाओं को मशरूम उत्पादन से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है, जिससे उन्हें पौष्टिक आहार के साथ-साथ अतिरिक्त आजीविका के अवसर भी मिल रहे हैं। मशरूम उत्पादन के माध्यम से महिलाएं आर्थिक रूप से सशक्त होकर आत्मनिर्भर बन रही हैं। संस्था से रविकांत पाठक ने कहा कि ग्रामीण महिलाओं की क्षमता और नेतृत्व को बढ़ावा देने के लिए इस प्रकार के कार्यक्रम अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए सामुदायिक प्रयासों को आगे बढ़ाना आवश्यक है। कार्यक्रम में उपस्थित पंचायत सचिव पुष्पेंद्र सिंह बुंदेला ने कहा कि महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से गांव के विकास कार्यों को नई दिशा मिलती है और समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं ने एक-दूसरे को रंग लगाकर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की खुशी साझा की तथा यह संकल्प लिया कि वे आपसी सम्मान और सहयोग की भावना को मजबूत करेंगी, स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास करेंगी तथा समुदाय में महिलाओं को आगे बढ़ाने और उन्हें सशक्त बनाने के लिए मिलकर कार्य करेंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था से छत्रसाल पटेल, दिव्यांशी नामदेव, रीता सिंह, आनंद कुमार एवं अरविंद्र कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही।





## सुश्री एडवोकेट संगीता जायसवाल को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के मध्य प्रदेश के महिला प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त

पवई।

प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह जी की अनुशंसा पर राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश यादव द्वारा आज अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के शुभ अवसर पर पन्ना जिले की आन बान शान सुश्री एडवोकेट संगीता जायसवाल को अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा संगठन के मध्य प्रदेश के महिला प्रदेश अध्यक्ष पद पर पदासीन किया गया है जिस उपलक्ष में स्वागत बंधन अभिनंदन करने आज कटनी जिला के जिला अध्यक्ष हरभजन राय, जिला संयोजक जागेश्वरयादव, तहसील प्रभारी शिव कुमार, सागर संभाग वरिष्ठ उपाध्यक्ष एडवोकेट पुन्य प्रताप सिंह परमार, छतरपुर से पधारे निरंजन कुमार तिलक, पन्ना जिला मंत्री मुन्नालाल जायसवाल, पन्ना जिला प्रचार मंत्री अमृत लाल कोल, धीरेन्द बागरी, राजेंद्र पटेल प्रभाकर मणि पटेल दीपक साहू पवन सरावगी, एवं पवई के समस्त पत्रकार बंधु सहित अनेक पदाधिकारी गण महिला प्रदेश अध्यक्ष सुश्री संगीता जायसवाल के निज निवास पर पहुंचे और उनको इस बड़ी उपलब्धि के लिए बधाई शुभकामनाएं दी सभी पदाधिकारी गण द्वारा उनका स्वागत किया गया और उनकी कार्य शैली की भूरी भूरी प्रशंसा की। और पवई की प्रसिद्ध मां कलेही के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। महिला प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट सुश्री संगीता जायसवाल के द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष उमेश यादव जी एवं प्रदेश अध्यक्ष अशोक सिंह जी का आभार धन्यवाद व्यक्त करते हुए कहा की मैं आशा करती हूं मुझे हमेशा की तरह आगे भी अपना सहयोग प्रदान करते रहे जिससे पिछड़े एवं शासन की योजनाओं से वंचित उसे अंतिम छोड़ के हर व्यक्ति के लिए लड़ाई लड़ सकू।



## सर्वाइकल कैंसर के बचाव को लेकर बालिकाओं को लगाये टीका

सिमरिया।

सरकार भारत देश में महिलाओं में सर्वाइकल कैंसर से बचाव करने के लिए बालिकाओं का टीकाकरण कर रही है ताकि आगे जीवन में कैंसर होने की संभावना कम की जा सके इसी संदर्भ में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिमरिया में एचपीवी टीकाकरण हुआ जिन बालिकाओं की उम्र 14 से 15 साल 90 दिन है उन्हें बालिकाओं का टीकाकरण किया जा रहा है प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र प्रभारीने बताया टीकाकरण कराना जरूरी है समाज में जो भ्रांतियां फैलाई जा रही है वह सरासर झूठी है प्रभारी ने अपील की है लोग आए और टीकाकरण करवाये सिमरिया स्वास्थ्य केंद्र में कई बालिकाओं का टीकाकरण किया गया।

## खबर संक्षेप



### जिला प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश ने किया बक्सवाहा सिविल कोर्ट की नवीन बिल्डिंग का निरीक्षण

छतरपुर। जिला प्रधान एवं सत्र न्यायाधीश रविंद्र सिंह ने बक्सवाहा सिविल कोर्ट की नवीन बिल्डिंग का निरीक्षण किया। उपस्थित जनों द्वारा नवीन बिल्डिंग मे वृक्षारोपण किया गया। इस अवसर पर कुटुंब न्यायालय प्रधान न्यायाधीश राजेश कुमार देवलिया, द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश हिमांशु शर्मा एवं न्यायाधीश अरविंद गुर्जर राहुल जैन तथा बक्सवाहा न्यायाधीश अभिषेक दीक्षित सहित ब्रजेश बिल्थरे अधिवक्ता संघ अध्यक्ष, उपाध्यक्ष रविभूषण तिवारी, विकाश बाबू, कोविड पांडे सूरज यादव राजेंद्र रैकवार अधिवक्तागण एवं न्यायालयीन कर्मचारीगण साथ में उपस्थिति रहे।

### दुकान में सेविंग कराने गए युवक पर जमीनी विवाद में हमला



छतरपुर। जिले के सटई थाना क्षेत्र में जमीनी विवाद के चलते रगोली में एक दुकान पर सेविंग कराने गए युवक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना सुबह 10 बजे की है, जब रक्षपाल यादव (26 वर्ष) पिता साहब सिंह यादव, निवासी छापर थाना सटई सेविंग कराने के लिए दुकान पर पहुंचे थे। आरोप है कि चार लोगों राकेश सिंह, संजय यादव, अनुरुद्ध सिंह और जितेंद्र यादव ने पुराने जमीनी विवाद को लेकर उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। हमलावरों ने रॉड, सरिया और डंडों से रक्षपाल पर हमला किया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में जमीनी विवाद को मारपीट का कारण माना जा रहा है। घायल युवक को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

### छतरपुर में सड़क हादसे में फुलकी विक्रेता की मौत



छतरपुर। सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के हनुमान टोरिया के पीछे रहने वाले रामदीन साहू पुत्र हरिराम साहू (36 वर्ष) सागर रोड पर फुलकी बेचने का काम करते थे। देर रात वह अपनी बाइक से घर लौट रहे थे, तभी चौबे तिराहे पर एक अज्ञात वाहन ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में गंभीर रूप से घायल रामदीन को तुरंत छतरपुर जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। आज सुबह जिला अस्पताल में मृतक का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और वाहन तथा चालक की तलाश कर रही है।

### पुरानी रंजिश में दो कुशवाहा परिवार भिड़े, लाठी-डंडों से मारपीट में कई घायल

**पुलिस ने दोनों पक्षों पर मामला दर्ज कर घायलों को अस्पताल भेजा**

छतरपुर। जिले के बमीठा थाना क्षेत्र अंतर्गत हीरापुरवा गांव में पुरानी रंजिश को लेकर दो कुशवाहा परिवारों के बीच जमकर मारपीट हो गई। विवाद के दौरान दोनों पक्षों के करीब एक दर्जन लोगों ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया, जिससे कई लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार हरिराम कुशवाहा ने बताया कि गांव में जमीन को लेकर पहले विवाद था, जिसका आपसी समझौता हो चुका था। लेकिन द्वेष भावना के चलते यह घटना हुई। उनका आरोप है कि करीब दो माह पहले कुछ लोग चोरी करने आए थे, जिसकी शिकायत थाने में गए थे। इसी रंजिश के चलते रास्ते में छोटे भाई पवन को रोककर मारपीट शुरू कर दी गई।

**नगर पालिका का उड़ान रास्ता और ट्राफिक व्यवस्था पूरी तरह से चौपट, हर घंटे बनी रहती जाम की स्थिति**

# रोड़ में बाजार न लगाने का नगर पालिका का आदेश हवा में उड़ा, शहर में हर दिन रोड़ पर लग रहा बाजार



छतरपुर। नगर पालिका द्वारा कलेक्टर के निर्देश पर एक निर्देश जारी किया गया था कि रोड़ पर कोई बाजार ना लगाया जाए। लेकिन नगर पालिका का यह आदेश एक सप्ताह बाद ही हबा में उड़ गया और अब खुलेआम सड़कों के किनारे बाजार लगने लगा। जिससे फिर वही जाम लगने की स्थिति उत्पन्न होने लगी। शनिवार को संकट मोचन के पास सब्जी का बाजार लगता है, लेकिन वहां से इस बाजार को सिंघाड़ी नदी के पास शिफ्ट किया गया था एक बाजार में ही यह आदेश हबा में उड़ गया और अब फिर से संकट मोचन में बाजार लगने लगा। शनिवार को सड़क के किनारे बाजार लगने से ट्राफिक व्यवस्था प्रभावित हुई और जाम की स्थिति बनी रही इसी। तरह मंगलवार का बाजार जो पठापुर रोड़ में लगता है उसे वहां से हटाकर देशराज पटैरिया पार्क के पास शिफ्ट किया गया था लेकिन एक मंगल के बाद दूसरे मंगलवार को यह बाजार फिर से सड़क पर आ गया जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित होने लगी। इसी तरह सोमवारी हाट को होमगार्ड पेट्रोल पम्प सटई रोड़ में शिफ्ट किया गया था लेकिन यह बाजार भी मुख्य सड़क पर लग रहा है। गुरूवार को महोबा रोड़ में बाजार लग रहा था लेकिन नगर पालिका ने एक आदेश जारी कर कृषि विभाग के अंदर बाजार शिफ्ट करने के निर्देश दिए थे लेकिन अब फिर से यह बाजार हाईवे के किनारे लगने लगा है। जिससे घंटो यातायात व्यवस्था प्रभावित होती है नगर पालिका में कई उडऩ दस्ते दल भी है, लेकिन यह उडऩ दस्ता दल जिनकी जिम्मेदारी सड़क पर बाजार, अतिक्रमण रोकने की है वह दुकानदारों से बसूली की कार्यवाही तक सीमित रहते है यही कारण है नगर पालिका का आदेश हबा उड़ गया और बाजार सड़कों के किनारे लगने लगी।

### खाली पड़ा रहता मेला ग्राउण्ड सड़क पर लगती सब्जी कि दुकानें

रविवार को मेला ग्राउण्ड पर दुकानें लगाने के निर्देश है और वर्षो से मेला ग्राउण्ड में ही रविवारी हाट लगती आ रही है, लेकिन समय समय पर मेला ग्राउण्ड में नगर पालिका द्वारा मेले लगाने की अनुमति दे दी जाती है। जिस कारण दुकानदार सड़कों पर दुकान लगाने लगते है। और यही आदत दुकानदारों की हमेशा के लिए बन जाती है, इन दिनों मेला ग्राउण्ड पूरी तरह से खाली है फिर भी दुकानदार सड़कों पर सब्जी की दुकानें लगा रहे है। जिससे यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है। आये दिन रविवार को छत्रसाल चौक से लेकर बिजावर नाके तक ई-रिक्शा जाम लगा देते है। जिससे आवागमन प्रभावित होता है, लेकिन ट्राफिक पुलिसकर्मी व्यवस्था बनाने के नाम पर नही दिखाई देते है।

### नगर पालिका का उडऩदस्ता दल बना शोपीस -

नगर पालिका द्वारा उडऩदस्ता दल शहर में बनाए गए है, ताकि यह उडऩदस्ता दल पहुंच कर सड़कों से दुकानों, अतिक्रमण को हटा सकें। और उन्हें हिदायत दे सकें, यहां तक की चालानी कार्यवाही के अधिकार भी दिए गए है। लेकिन देखा यह जा रहा है कि नगर पालिका के उडऩदस्ता दल सुबह सुबह सड़कों पर पहुंच कर दुकानदारों को हड़काकर उनसे बसूली कर लेते है और फिर उन्हें पूरे दिन सड़क पर दुकान लगाने की अप्रत्यक्ष रूप से छूट मिल जाती है। नगर पालिका के मुख्य गेट से लेकर पुराने बिजावर नाके तक सड़क पर हाथ ठेला खड़े रहते है। साथ ही अदालत के सामने वाहनों का जमावड़ा सड़क पर रहता है। जिससे दिन भर में कई बार जाम की स्थिति बनती है, लेकिन ना तो नगर पालिका उडऩदस्ता दल दिखता है, और ना ही ट्राफिक पुलिसकर्मी नजर आते है।

### भगवां में कुएं से निकाला महिला का शव, मायके ने ससुराल पर लगाए हत्या के गंभीर आरोप

भगवां। थाना क्षेत्र अंतर्गत हरदोलपट्टी गांव में एक महिला का शव खेत में बने कच्चे कुएं में मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतका की पहचान 30 वर्षीय रामरति कुशवाहा, पत्नी मिहिलाल कुशवाहा, निवासी हरदोलपट्टी के रूप में हुई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रामरति का शव कंदुआ हार स्थित खेत में बने कच्चे कुएं में पाया गया। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और भगवां थाना पुलिस को सूचित किया। पुलिस टीम ने ग्रामीणों की मदद से शव को कुएं से बाहर निकाला, पंचनामा किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर हत्या का गंभीर आरोप लगाया है। परिजनों का दावा है कि रामरति के साथ पहले से ही घरवालों के बीच विवाद चल रहा था और संभवतः इसी विवाद के चलते हत्या की गई तथा शव को कुएं में फेंक दिया गया। फिलहाल भगवां थाना पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है।

# बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर ने स्वीकारा लौडियाबाजी के चक्कर में बढ रही धाम पर सेवादारों की संख्या

**चाय से ज्यादा केटली गरम होती, मतलब गुरु से ऊपर चेला निकल गए : बागेश्वरधाम**

### बागेश्वर धाम पीठाधीश्चर नें खोली अपने सेवादारों की पोल, और जमकर लगाई फटकार



छतरपुर। छतरपुर जिले के गढ़ा गांव में स्थित बागेश्वर धाम जहां देश बिदेश में आस्था का केन्द्र बन चुका है, वहीं बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर ने यह स्वीकार किया है कि बागेश्वर धाम में सेवादारों की संख्या लौडिय़ा बाजी के चक्कर में बढ़ रही है। उनका एक विडिओ भी सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। जिसमें वह यह बात कहते हुए सुने जा रहे है कि सेवादार केवल लौडिय़ा बाजी के चक्कर में बढ रहे है। विडिओ में बागेश्वर वाले बाबा जमकर सेवादारों को जमकर फटकार लगा रहे है। क्योंकि इस तरह से धाम की छबि खराब हो रही है। उन्होने साफ शब्दों में कहा कि जो सेवादार इस तरह के कृत्यों में लिप्त है वह साफ समझ ले और अपना रास्ता बदल ले। वह मत सोचे कि हमें कुछ पता नही है हमें सेवादारों की एक एक गतिबिधियों के संबंध में जानकारी है। उन्होंने सेवादारों से प्रार्थना करते हुए अपील भी कि है कि ऐसा कोई काम धाम में ना करें जिससे धाम पर दाग लगे। उन्होंने यह भी कहा कि सेवादार अपने आप को बहुत कुछ समझ रहे है लोगों के साथ गलत व्यवहार कर रहें है, जो कतई बर्दाश्त नही किया जाएगा। बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर ने कहा कि कुछ लोग इसीलिए सेवादार बनते है कि हमे वहां रहने पर माल खाने को मिलेगा। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि चाय से ज्यादा केटली गरम होती है, उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि हमारे चेले हमसे ही नही सीख पा रहे कि हमारा गुरू कितना धार्मिक है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि हमारे नाम से कई चेले गुरू बन गए। उन्होंने आम भक्तों से अपील की है कि ऐसे सेवादारों से सतर्क रहें जो उनसे मिलवाने के नाम पर पैसा बसूलते है। उन्होने साफ शब्दों में कहा कि हमसे मिलने के लिए कोई पैसा नही लगता है, यदि कोई ऐसा कहकर लोगों को ठगता है तो ऐसे लोगों से सतर्क रहें। खासकर ऐसे सेवादारों से जो अपने आप को बागेश्वर धाम का खास बताते है।

# बस में सीट विवाद पर 10 युवकों ने यात्री को बेरहमी से पीटा, टायर लीवर से किया हमला

**छतरपुर जिले के बड़ामलहरा बस स्टैंड पर एक मामूली सीट विवाद ने हिंसक रूप धारण कर लिया। गोल्डन बस से सागर जाने के लिए सवार हुए बड़ामलहरा निवासी राहुल विश्वकर्मा (26) के साथ सीट को लेकर एक यात्री से बहस छिड़ गई, जो जल्द ही मारपीट में बदल गई।**



जानकारी के अनुसार, विवाद बढ़ते ही करीब 10 अज्ञात युवकों ने राहुल पर टूट पड़े। उन्होंने गाली-गलौज के साथ लाठी-डंडों, लात-घूंसे और बस में उपलब्ध टायर लीवर से युवक के हाथ-पैरों पर बेरहमी से हमला किया। इस हमले में राहुल गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के दौरान बस चालक ने बस को आगे बढ़ा दिया, लेकिन एक व्यक्ति ने मोटरसाइकिल से थाने के पास पहुंचकर बस के आगे अपनी गाड़ी खड़ी कर दी। इसके बाद बस रुकी और पुलिस को सूचना मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने पांच लोगों को हिरासत में ले लिया, जबकि बाकी आरोपी फरार हो गए। घायल राहुल विश्वकर्मा ने आरोप लगाया है कि पुलिस ने कुछ पकड़े गए आरोपियों को छोड़ दिया। फिलहाल घायल का इलाज चल रहा है और पुलिस उसे दोबारा बयान के लिए बुला रही है। पीड़ित ने मांग की है कि फरार आरोपियों की तलाश की जाए, मामले की निष्पक्ष जांच हो और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए।

# पूर्व विधायक मुन्नाराजा ने आयोजित किया पारंपरिक होली मिलन समारोह



छतरपुर। पूर्व विधायक शंकर प्रताप सिंह मुन्नाराजा ने होली मिलन समारोह में बुन्देली संस्कृति की पुरानी परंपराओं को संजोते हुए कहा कि होली और रंगपंचमी के अवसर पर बसारी में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। इस समारोह में मुख्य आकर्षण 20 फुट ऊंची लकड़ी पर लगाया जाने वाला मीठा रहा, जिस पर तेल भी लगाया जाता है ताकि लोग उसे आसानी से न तोड़ सकें। प्रतिभागी इस लकड़ी को चढ़कर तोडऩे का प्रयास करते हैं, जबकि कुछ महिलाएं उन्हें रोकने की कोशिश करती हैं। इस मजेदार प्रतियोगिता में विजेता को 11 हजार रुपये की इनामी राशि प्रदान की जाती है।

हर वर्ष होली के पर्व पर राई नृत्य सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। यह कार्यक्रम बुन्देली विकास संस्थान द्वारा आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सिद्धार्थ शंकर बुन्देला ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि होली मिलने-जुलने का एक प्रमुख उत्सव है। इस वर्ष बुन्देली उत्सव का कार्यक्रम आगे बढ़ा दिया गया है। सामान्यतः साल में एक बार बुन्देली उत्सव के माध्यम से सभी से मुलाकात होती है, लेकिन इस बार होली मिलन के अवसर पर विशेष आयोजन किया गया, जिसमें लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल और अबीर लगाकर होली की बधाई दी।

मुन्नाराजा बुन्देली संस्कृति को संरक्षित रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि होली रंगों का पारंपरिक त्यौहार है। इसकी मान्यता है कि साल भर की बुराइयों को रंगों से धोकर भुला दिया जाए और सभी एक-दूसरे को गले लगाकर भाईचारे का संदेश फैलाएं। मुन्नाराजा हर वर्ष इस तरह के आयोजन कर क्षेत्र में सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखते हैं। समारोह में बड़ी संख्या में स्थानीय लोग शामिल हुए और उत्साह के साथ होली के रंगों में रंगे।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं का सम्मान

छतरपुर



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था संगम सेवालय द्वारा एक भव्य महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित कर उनके योगदान को प्रोत्साहित करना था। समारोह में समाज के अलग-अलग क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 35 महिलाओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया रहीं। इसके साथ ही ब्रह्मकुमारी आश्रम से बहन रीना और बहन कल्पना विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। अतिथियों ने दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और महिला शक्ति के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए।

मुख्य अतिथि ज्योति चौरसिया ने अपने संबोधन में कहा कि आज महिलाएँ हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और मेहनत से समाज को नई दिशा दे रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं का सम्मान और सशक्तिकरण समाज के समग्र विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने संगम सेवालय द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों और महिलाओं को प्रोत्साहित करने की पहल की सराहना की। ब्रह्मकुमारी आश्रम से आईं बहन रीना और बहन कल्पना ने महिला सशक्तिकरण और आध्यात्मिक मूल्यों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जब महिलाएँ आत्मविश्वास और सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ती हैं तो परिवार और समाज दोनों का विकास होता है। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रेरित किया।

इस अवसर पर संगम सेवालय के प्रतिनिधियों ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से समाज सेवा के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर रही है और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा सामाजिक जागरूकता के लिए निरंतर प्रयास कर रही है। महिला दिवस के अवसर पर आयोजित यह सम्मान समारोह भी उसी प्रयास का एक हिस्सा है, जिसके माध्यम से समाज में सकारात्मक कार्य करने वाली महिलाओं को मंच प्रदान किया गया।

कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा समाज सेवा, शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यवसाय और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाली 35 महिलाओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान उपस्थित लोगों ने तालियों की गडग़ड़ाहट के साथ सम्मानित महिलाओं का उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर विपिन अवस्थी, अंजू अवस्थी, शंकर लाल सोनी, संजय शर्मा, प्रकाश जैन, दीपु चतुर्वेदी, के.एन. सोमन, विमला सोमन, धीरज चतुर्वेदी, नीलम पांडेय, दिल्ला राम और नीतू सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### एचपीवी वैक्सीन से सर्वाइकल कैंसर का खतरा कम होगाः डॉ. आलोक चौरसिया



महाराजपुर। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महाराजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) टीकाकरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर केंद्र के प्रभारी डॉक्टर आलोक चौरसिया ने बताया कि मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर सर्वाइकल कैंसर के खतरे को कम करने के लिए यह विशेष टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। डॉ. चौरसिया ने कहा कि एचपीवी वैक्सीन सर्वाइकल कैंसर से बचाव का प्रभावी और सुरक्षित तरीका है, क्योंकि यह वायरस मुख्य रूप से इस कैंसर का कारण बनता है। भारत सरकार के इस राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम के तहत 14 वर्ष पूर्ण कर चुकी किशोरी बालिकाओं को निःशुल्क टीका लगाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिन बालिकाओं ने अपना 14वां जन्मदिन मना लिया है, वे इस टीके के पात्र हैं। यह टीका महाराजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक उपलब्ध रहेगा। डॉ. चौरसिया ने बालिकाओं और उनके माता-पिता से अपील की कि वे जल्द से जल्द अपनी 14 वर्षीय बेटियों को यह टीका लगवा लें, ताकि भविष्य में सर्वाइकल कैंसर का जोखिम काफी हद तक कम हो सके। टीकाकरण कराने वाली बालिकाओं को भारत सरकार द्वारा ई-प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जा रहा है। टीकाकरण कार्यक्रम में एएनएम अरुण सिंह, विमला कुशवाहा और कंप्यूटर ऑपरेटर जीतेंद्र चौरसिया मुख्य रूप से मौजूद रहे।



### रंगपंचमी के पावन अवसर पर विधायक अरविंद पटैरिया ने लवकुशनगर में किया होली मिलन

**लवकुशनगर। रंगपंचमी के उत्सवपूर्ण मौके पर राजनगर विधानसभा क्षेत्र के लवकुश नगर में आयोजित भव्य होली मिलन समारोह में विधायक अरविंद पटैरिया ने बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर रंग-गुलाल लगाए और होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।** इस अवसर पर विधायक पटैरिया ने सभी से आत्मीय भेंट की और एक-दूसरे को रंग लगाकर प्रेम, भाईचारा एवं सौहार्द का संदेश फैलाया। उन्होंने कहा, रंगों का यह पावन पर्व हमारे जीवन में प्रेम, एकता और भाईचारे के रंग भरता है। लवकुश नगर के प्रिय क्षेत्रवासियों का स्नेह और आशीर्वाद मेरी सबसे बड़ी ताकत है। विधायक ने भगवान मतंगेश्वर महादेव से प्रार्थना करते हुए कहा कि उनकी कृपा राजनगर विधानसभा क्षेत्र के हर नागरिक पर बनी रहे। लवकुश नगर सहित पूरे क्षेत्र में सुख, शांति और समृद्धि का वास हो। समारोह में मौजूद जनसमूह ने विधायक के साथ बुंदेली फाग गीतों पर थिरकते हुए होली का आनंद मनाया। यह आयोजन क्षेत्र में सामाजिक सद्भाव और उत्साह का प्रतीक बना। विधायक अरविंद पटैरिया, जो भारतीय जनता पार्टी से राजनगर विधानसभा के प्रतिनिधि हैं, नियमित रूप से ऐसे सामुदायिक कार्यक्रमों में शामिल होकर जनता से जुड़े रहते हैं। रंगपंचमी जैसे पर्व क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर को मजबूत करने का माध्यम बनते हैं।

### परीक्षा असफलता से आहत होकर छात्रा ने की आत्महत्या की कोशिश



छतरपुर। मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले के बमीठा थाना क्षेत्र में एक 12वीं कक्षा की छात्रा ने राजनीति शास्त्र के परीक्षा पत्रक के खराब होने से व्यथित होकर घर लौटने के बाद जहरीला पदार्थ का सेवन कर लिया। छात्रा की हालत बिगडने पर परिजनों ने उसे तत्काल छतरपुर जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे गंभीर हालत में चौथी मंजिल पर भर्ती कराया है। फिलहाल छात्रा का उपचार जारी है और उसकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक पूछताछ में परिजनों ने बताया कि छात्रा परीक्षा के दौरान पेपर बिगड़ जाने से काफी परेशान थी। घर पहुंचकर उसने यह कदम उठाया। छात्रा की उम्र करीब 17-18 वर्ष बताई जा रही है।



### मां की बगिया में पौधारोपण कर मनाया विश्व महिला दिवस

**छतरपुर। राष्ट्रीय चेतना विकास मंच के संयोजक एवं पूर्व सीएमओ डी.डी. तिवारी ने विश्व महिला दिवस के अवसर पर दूल्हा बाबा मंदिर परिसर में मां की बगिया नाम से एक सुंदर बगिया तैयार की और पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया।**

इस अवसर पर मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य डॉ. एल.एन. रावत ने अमरूद का पौधा रोपा। अध्यक्षता कर रहे देवेंद्र गोस्वामी विप्र ने चमेली का पौधा लगाया, जबकि विशिष्ट अतिथि अजय सिंह चंदेल ने अंजीर का पौधा स्थापित किया। समाजसेवी प्रबल भट्ट, कर्मयोगी संतोष गंगेले तथा पूर्व एसडीएम के.एल. अहिरवार ने पहले से लगाए गए पौधों को पानी देकर उनका संरक्षण किया।

कार्यक्रम में पुजारी सुरेंद्र तिवारी, कृष्णा तथा मोहम्मद उबेश ने मां की बगिया में लगाए गए सभी पौधों की देखभाल और संरक्षण की जिम्मेदारी स्वयं ली। दूल्हा बाबा मंदिर परिसर में विकसित की गई यह मां की बगिया न केवल पर्यावरण संरक्षण का प्रतीक बनेगी, बल्कि महिलाओं के सम्मान और मातृत्व की भावना को भी जीवंत रखेगी।

**खबर संक्षेप**

## एमपी ट्रांसको रीवा में मनाया गया लाइनमैन दिवस, एमडी ने किया लाइन स्टाफ के साहस व समर्पण को नमन

रीवा। मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत लाइनमैन दिवस के अवसर पर रीवा सहित पूरे प्रदेश के 42 ट्रांसमिशन लाइन मेंटेनेंस मुख्यालयों में लाइनमैनों के समर्पण, निष्ठा और मेहनत के लिए उन्हें सम्मानित और पुरस्कृत किया गया। रीवा में ट्रांसको प्रबंधन द्वारा सतना से विशेष तौर पर नियुक्त किए गए अधीक्षण अभियंता एमपी पटेल ने प्रबंध संचालक सुनील तिवारी के संदेश का वाचन कर लाईनमैनों को सम्मानित किया। इस अवसर पर लाइनमैनों ने कंपनी की जीरो एक्सीडेंट पालिसी के तहत सुरक्षा की शपथ ली एवं अपने अनुभव साझा किये। एम पी ट्रांसको परिसर गोड़हर में आयोजित कार्यक्रम में क्षेत्र के 32 लाइन कर्मियों को तिलक लगाकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। कंपनी द्वारा उपहार स्वरूप स्मृति चिन्ह भेंट किये गए। इस अवसर पर रामप्रकाश सिंह, रमेश द्विवेदी, अनिल केवट, अरूण पटेल, संजय सिंह, रामलखन कुम्हार, अर्पित तिवारी, संदीप त्रिपाठी, धर्मेन्द्र पटेल, रजवेश पटेल, सनित सौंधिया, समरजीत सिंह, सुरेश पटेल, रामनारायण कुशवाहा, सूरज त्रिपाठी, काशी प्रसाद शुक्ला, मनोज मिश्रा प्रदीप पटेल सहित अन्य को सम्मानित किया गया।कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन सहायक अभियंता अजय चौरसिया एवं कनिष्क सिंह ने किया।

## बमबाजी की घटना के मामले में पुलिस ने चार आरोपितों को किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

माधवनगर थाना क्षेत्र के बंगला लाइन में बमबाजी की घटना के मामले में पुलिस ने चार आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। बमबामी की घटना में एक ही परिवार के आठ लोग झुलस गए थे, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पुलिस के अनुसार 5 मार्च को रोहनी वंशकार ने माधवनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि दोपहर करीब 2:30 बजे वह अपने परिवार के साथ बंगला लाइन स्थित घर के आंगन में बैठी थीं। इसी दौरान मोहल्ले के अट्ठा डुमार, मिंटू डुमार, अनु डुमार और उनके अन्य साथी वहां पहुंचे और जान से मारने की नियत से ज्वलनशील पदार्थ फेंक दिया। विस्फोट होने से परिवार के करीब आठ लोग झुलसकर घायल हो गए। प्रार्थिया की शिकायत पर पुलिस ने धारा 109(1) बीएनएस तथा विस्फोटक अधिनियम 1908 की धारा 3(क) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की।मौके से ज्वलनशील पदार्थ के अवशेष जब्त कर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की और मुखबिर की सूचना पर चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपियों में अट्ठा उर्फ अमन विरहा (27), आर्यन उर्फ अनु धारक (20), ऋतिक उर्फ उल्लू चाहोतेल (20) और मिंटू उर्फ विकास बिरहा (30) निवासी बंगला लाइन शामिल हैं। एक विधि से संघर्षरत बालक को भी अभिरक्षा में लिया गया है।

# जहां नारियों की पूजा होती है वहां देवताओं का वास

## उप मुख्यमंत्री ने विश्व महिला दिवस पर महिलाओं को किया सम्मानित






रीवा

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने शासकीय पीएम श्री आदर्श विज्ञान महाविद्यालय के सभागार में आयोजित समारोह में महिलाओं का सम्मानित किया। विश्व महिला दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा किया गया। उप मुख्यमंत्री ने समारोह का शुभारंभ करते हुए कहा कि वैदिक काल से ही नारियों को परिवार और समाज में महत्वपूर्ण स्थान दिया गया। वैदिक ग्रंथों में कहा गया है कि जहां नारियों की पूजा होती वहां देवताओं का वास होता है। नारियों को आदर और सम्मान देने से देव प्रसन्न होते हैं जब देव प्रसन्न होते हैं तब सभी कठिनाईयाँ दूर हो जाती हैं। हमारी सरकार विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं के सशक्तिकरण के लगातार प्रयास कर रही है। महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 33 प्रतिशत तथा नगरीय निकायों एवं पंचायत राजसंस्थाओं में 50 प्रतिशत आरक्षण दिया गया है। महिलाओं में योग्यता की कमी नहीं है। पूरे अवसर मिलने पर महिलाएं हर क्षेत्र में सफल हो रही हैं। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा महिला स्वसहायता समूहों को वित्त पोषण सरकार के महिला सशक्तिकरण के सफल प्रयास हैं। आज महिलायें राजनैतिक, प्रशासनिक, सैन्य क्षेत्र सहित सभी क्षेत्रों में सफलतापूर्वक कार्य कर रहीं हैं। देश के सर्वोच्च पद पर महामहीम राष्ट्रपति श्रीमती द्रोपदी मुर्मू कार्य करते हुए नारियों का सम्मान बढ़ा रही हैं। लाड़ली बहना योजना के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक आत्मनिर्भरता और विकास का अवसर दिया जा रहा है। हर महीने मिलने वाली 1500 रूपये की राशि से बहने अपने घर परिवार के छोटे-मोटे कार्य कर लेती हैं। महिला सशक्तिकरण के प्रयासों ने महिलाओं के आत्मविश्वास और गौरव में वृद्धि की है। उप मुख्यमंत्री ने समारोह में विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को शाल श्रीफल और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। उप मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम के आरंभ में कन्या पूजन किया तथा कन्याओं से आशिर्वाद प्राप्त किया। उप मुख्यमंत्री ने संयुक्त आयुक्त श्रीमती दिव्या त्रिपाठी, मुख्य अभियंता विद्युत वितरण कंपनी श्रीमती प्रमा पाण्डेय, डॉ. मीनाक्षी मिश्रा, श्रीमती ममता नरेन्द्र सिंह, लोक गायिका मणिमाला सिंह, तुलसा दुबे, डॉ. केशकली तिवारी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. नेहा तिवारी, श्रीमती विभा श्रीवास्तव, श्रीमती ज्योत्सना श्रीवास्तव, श्रीमती सीमा सिंह तथा अन्य महिलाओं को सम्मानित किया। समारोह में जनपद अध्यक्ष रीवा श्रीमती संगीता यादव, जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, प्राचार्य डॉ. आरएन तिवारी, संयुक्त संचालक महिला एवं बाल विकास श्रीमती शशिश्याम उइके, कार्यक्रम अधिकारी नयन सिंह, परियोजना अधिकारी जीवेन्द्र सिंह तथा बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## डाइट में 5वीं-8वीं की 90,900 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन शुरू, सभी मूल्यांकनकर्ताओं की उपस्थिति अनिवार्य

रीवा।

जिले में कक्षा 5वीं एवं 8वीं की वार्षिक परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य प्रारंभ हो गया है। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) रीवा में बोर्ड पैटर्न पर आयोजित परीक्षाओं की कुल 90,900 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन किया जाना है। इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा 386 शिक्षकों को मूल्यांकनकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया है। हालांकि मूल्यांकन कार्य के पहले दिन अपेक्षा से कम उपस्थिति दर्ज की गई।प्राप्त जानकारी के अनुसार नियुक्त 386 मूल्यांकनकर्ताओं में से केवल 107 शिक्षक ही मूल्यांकन केन्द्र पर उपस्थित हुए। इस स्थिति को गंभीरता से लेते हुए डाइट प्राचार्य ने सभी मूल्यांकनकर्ताओं को निर्देश जारी कर निर्धारित समय पर अनिवार्य रूप से उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं।डाइट प्राचार्य ने मूल्यांकन कार्य प्रारंभ होने से पूर्व उपस्थित शिक्षकों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कक्षा 5वीं एवं 8वीं की परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न पर आयोजित की गई हैं, इसलिए उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन में पूरी गंभीरता, निष्पक्षता और गोपनीयता बरती जाए। उन्होंने सभी शिक्षकों से निर्धारित मानकों के अनुसार मूल्यांकन करने की अपील की। प्राचार्य ने बताया कि मूल्यांकन कार्य को समय सीमा के भीतर पूर्ण करना है। इसके लिए 14 मार्च तक सभी उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। इसी कारण रविवार और अन्य अवकाश के दिनों में भी मूल्यांकन कार्य जारी रहेगा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मूल्यांकन केन्द्र डाइट रीवा में सभी नियुक्त मूल्यांकनकर्ताओं की प्रतिदिन प्रातः 10:30 बजे उपस्थिति अनिवार्य रहेगी। जो शिक्षक अब तक उपस्थित नहीं हुए हैं, उन्हें सोमवार से अनिवार्य रूप से केन्द्र पर उपस्थित होकर अपने सौंपे गए दायित्व का निर्वहन करना होगा। डाइट प्राचार्य ने कहा कि सभी संबंधित मूल्यांकनकर्ता निर्धारित तिथि और समय पर केन्द्र में उपस्थित होकर उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का कार्य पूर्ण गंभीरता एवं गोपनीयता के साथ करें, ताकि निर्धारित समय सीमा के भीतर परिणाम प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा सके।

## खनिज का अवैध परिवहन करते हाइवा समेत 4 वाहन जप्तः दर्ज हुआ प्रकरण



रीवा।

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के निर्देशन में आज खनिज टीम द्वारा बनकुंइया बाईपास एवं मनगवां में खनिज के अवैध उत्खनन परिवहन व भंडारण के खिलाफ बड़ी कार्यवाही की गई। जानकारी के अनुसार रीवा के बनकुंइया बाईपास एवं मनगवां दोनों जगह खनिज विभाग की टीम द्वारा वाहनों की सघन जांच की गई। इस दौरान बिना वैध दस्तावेज के परिवहन करते 3 वाहनों को जप्त कर थाना रायपुर कर्चुलियान की सुरक्षा में खड़ा कराया गया। जबकि इसी मामले में एक अन्य वाहन को रतहरा थाना में खड़ा कराया गया। उपरोक्त तीनों वाहनों के खिलाफ खनिज विभाग द्वारा अवैध परिवहन का प्रकरण दर्ज किया गया। जिसे कल सोमवार को यहां कलेक्टर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। गौरतलब होगा की खनिज विभाग द्वारा खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन व भंडारण के खिलाफ समूचे रीवा जिले में वाहनों की सघन चेकिंग के कार्यवाही का सिलसिला अनवरत जारी है। जांच कार्यवाही में उप संचालक खनिज दीपमाला तिवारी, खनिज निरीक्षक आरती सिंह, सर्वर खान, रजनीश ओझा, संदीप एवं खनिज सिपाहियों का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## हमें स्वस्थ्य रहने के लिए आयुर्वेद और प्राकृतिक खेती को अपनाना होगा - उप मुख्यमंत्री बसामन मामा गौअभ्यारण्य में 2 एकड़ में लगेंगी जड़ी-बूटियाँ



रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने संभागीय आयुष चिकित्सा कार्याशाला और वैज्ञानिक संगोष्ठी का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री ने कहा कि हमें स्वस्थ्य रहने के लिए आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति और प्राकृतिक खेती को अपनाना होगा। हमारी वर्तमान समय की तेज और अव्यवस्थित जीवनशैली के कारण शरीर कई स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं से जुझ रहा है। एलोपैथी चिकित्सा से हमें तत्काल राहत मिलती है लेकिन रोगों का स्थाई उपचार आयुर्वेद पद्धति से होता है। हमने यदि आयुर्वेद के सिद्धांतों और योग्य को अपना लिया तो शरीर पर रोगों का प्रकोप भी नहीं होगा। इसी तरह पर्यावरण की सुरक्षा और माटी का स्वास्थ्य ठीक रखने के लिए प्राकृतिक खेती को अपनाना आवश्यक है। प्राकृतिक खेती से ही मिट्टी और मानव दोनों स्वास्थ्य सुधरेगा। अच्छी और स्वस्थ्य मिट्टी में बिना रासयन के ली गयी फसल ही हमें सच्चे पोषक तत्व देगी। बसामन मामा गौअभ्यारण्य में प्राकृतिक खेती का मॉडल विकसित किया गया है। यहां आयुर्वेद विभाग को औषधीय पौधों और जड़ी-बूटियों की खेती के लिए 2 एकड़ जमीन दी जा रही है। इसमें विन्ध्य की जड़ी-बूटियों की खेती करें। समारोह का आयोजन ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय सभागार में किया गया। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्राचीन भारतीय परंपरा में आयुर्वेद का प्रमुख स्थान है। कुछ वर्ष पहले तक गांव के बड़े बूढ़े तथा गांव के वैद्य स्थानीय स्तर पर पायी जाने वाली जड़ी बूटियों से बड़े रोगों का इलाज कर लेते थे। आयुष चिकित्सक जड़ी बूटियों का ज्ञान आमजनता तक पहुंचायें। भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित प्राकृतिक खेती और आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति को अपनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने का आह्वान किया है। प्राकृतिक खेती के लिए हमें गायों का संरक्षण और गोपालन को बढ़ावा देना होगा। गाय अगर दूध नहीं दे रही है तो उसका गोबर और गोमूत्र माटी के लिए टानिक है। समारोह की अध्यक्षता करते हुए पूर्व विधायक केपी त्रिपाठी ने विन्ध्य क्षेत्र की प्राकृतिक संपदा वन औषधियों के भण्डार और जैव विविधिता की जानकारी दी। समारोह में भारतीय वन सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी दिलीप कुमार ने विन्ध्य क्षेत्र में पायी जाने वाली जड़ी बूटियों तथा उनके उपयोग की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने उप मुख्यमंत्री को विन्ध्य क्षेत्र की औषधियों पर लिखी पुस्तक भेंट की। समारोह में अतिथियों का स्वागत करते हुए राजपत्रित आयुष चिकित्सक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. शशांक झा ने कहा कि संघ द्वारा सभी संभागों में वैज्ञानिक संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने संघ की विभिन्न मांगों का ज्ञापन उप मुख्यमंत्री को भेंट किया। उप मुख्यमंत्री ने समारोह स्थल में आयुष विभाग द्वारा लगायी गयी औषधीय पौधों की प्रदर्शनी का अवलोकन किया। समारोह में जिला भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र गुप्ता, आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. दीपक कुलश्रेष्ठ, संभागीय आयुष अधिकारी डॉ. शिवराम साकेत, जिला आयुष अधिकारी डॉ. शारदा मिश्रा, संभाग के वरिष्ठ आयुर्वेद चिकित्सक, आयुष चिकित्सा संघ के पदाधिकारी तथा आयुर्वेद कालेज के विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह का आयोजन आयुष विभाग तथा राज्य औषधि पादक बोर्ड द्वारा किया गया।

## इंजेक्शन लगते ही 18 माह के मासूम की हालत बिगड़ी, परिजनों ने डॉक्टरों पर लापरवाही का लगाया आरोप




रीवा। शहर के गांधी स्मारक चिकित्सालय में इलाज के दौरान 18 माह के एक मासूम बच्चे की हालत अचानक बिगड़ने का मामला सामने आया है। बच्चे के परिजनों ने अस्पताल के डॉक्टरों पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाते हुए मामले की जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की है फिलहाल बच्चे की हालत बेहद नाजुक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, 18 माह का मासूम शिवांश वर्मा, पिता दिवाकर वर्मा, निवासी बर्रेही लालगांव चौकी थाना गढ़, को 12 फरवरी को सामान्य बुखार की शिकायत के चलते गांधी स्मारक चिकित्सालय में भर्ती कराया गया था। परिजनों के मुताबिक शुरुआत में डॉक्टरों द्वारा बच्चे का इलाज किया जा रहा था और उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही थी।परिजनों का कहना है कि कुछ दिन पहले बच्चे ने अचानक खाना-पीना बंद कर दिया, जिसके बाद डॉक्टरों ने उसे एनएसीयू वार्ड में भर्ती कर इलाज शुरू किया। अस्पताल में भर्ती रहने के दौरान बीती रात डॉक्टरों द्वारा बच्चे को एक इंजेक्शन लगाया गया। आरोप है कि इंजेक्शन लगने के कुछ ही देर बाद बच्चे की तबीयत अचानक बिगड़ गई।बच्चे के पिता दिवाकर वर्मा का आरोप है कि इंजेक्शन लगने के तुरंत बाद मासूम के पूरे शरीर पर लाल चकत्ते निकल आए और शरीर में तेज सूजन आने लगी। इसके साथ ही बच्चे की हालत तेजी से खराब होने लगी। परिजनों का कहना है कि इससे पहले तक डॉक्टर बच्चे के जल्द स्वस्थ होने की बात कह रहे थे, लेकिन इंजेक्शन के बाद स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि डॉक्टरों ने अब बच्चे के बचने की संभावना कम बताई है। घटना के बाद परिजनों में आक्रोश का माहौल है। उनका आरोप है कि डॉक्टरों की लापरवाही के कारण बच्चे की जान खतरे में पड़ गई है। परिजनों ने अस्पताल प्रबंधन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और जिम्मेदार डॉक्टरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर नगर निगम ने स्वच्छता कर्मियों व कौशल केंद्र की छात्राओं को किया सम्मानित



रीवा। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर निगम द्वारा महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से नगर निगम कन्या स्कूल स्थित बाल कौशल केंद्र में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कौशल केंद्र में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही छात्राओं तथा नगर निगम में स्वच्छता कार्य में योगदान दे रही महिला कर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत नगर निगम के उपायुक्त प्रकाश द्विवेदी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित कर की। इस अवसर पर उन्होंने उपस्थित महिलाओं, छात्राओं और अतिथियों को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज के विकास और राष्ट्र निर्माण में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं शिक्षा, खेल, प्रशासन, विज्ञान, व्यवसाय और सामाजिक क्षेत्र सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर रही हैं। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और सशक्तिकरण से ही समाज और देश की वास्तविक प्रगति संभव है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के परिश्रम, समर्पण और समाज के विकास में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उन्हें प्रशस्ति पत्र एवं सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन बाल कौशल केंद्र के प्रशिक्षक पवन किशोर मांझी ने किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं और बालिकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा और कौशल आत्मनिर्भरता का सबसे बड़ा माध्यम है। इस अवसर पर सिटी मिशन मैनेजर प्रीति रोचलानी सहित आईईसी टीम से विवेक परमार, अवनीश शुक्ला, राजमणि तिवारी, भोला तथा सुनील कुमार मौजूद रहे। कार्यक्रम में नगर निगम बाल कौशल केंद्र के छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर अमहिया थाने में सांस्कृतिक कार्यक्रम, उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का सम्मान



रीवा। अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर अमहिया थाना परिसर में संचालित गुरुकुल पाठशाला में रविवार को विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला सशक्तिकरण, समाज में महिलाओं की भूमिका और उनकी उपलब्धियों पर चर्चा की गई। यह कार्यक्रम रीवा पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महिला पुलिसकर्मियों और स्थानीय महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं और एक-दूसरे को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर अमहिया थाना प्रभारी शिवा अग्रवाल सहित थाना स्टाफ और बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया और उनके कार्यों की सराहना की गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अधिकारियों ने कहा कि वर्तमान समय में महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, खेल, प्रशासन और सामाजिक कार्यों सहित हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का परचम लहरा रही हैं। उन्होंने कहा कि महिलाओं की बढ़ती भागीदारी समाज के विकास और सशक्तिकरण के लिए प्रेरणादायक है।अधिकारियों ने महिलाओं के आत्मनिर्भर और सशक्त बनने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि पुलिस विभाग भी महिलाओं की सुरक्षा और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर कार्य कर रहा है।कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित महिलाओं को महिला दिवस की शुभकामनाएं दी गईं और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

# मऊगंज हाईवे किनारे मिला अज्ञात व्यक्ति का शव, हत्या कर फेंके जाने की आशंका



रीवा। मऊगंज जिले के मऊगंज थाना क्षेत्र में हाईवे किनारे एक अज्ञात व्यक्ति का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बाईपास स्थित बजरंग ढाबा के पास सड़क से लगभग 15 फीट नीचे झाड़ियों में शव पड़ा मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी।जानकारी के अनुसार रविवार सुबह एक ट्रक चालक की नजर सड़क किनारे नीचे झाड़ियों में पड़े शव पर पड़ी। इसके बाद उसने पास में स्थित एक दुकान पर जाकर घटना की जानकारी दी। दुकान संचालक ने तुरंत डायल-112 पर कॉल कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मऊगंज थाना प्रभारी संदीप भारतीय पुलिस टीम और डायल-112 के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने आसपास के क्षेत्र का निरीक्षण करते हुए शव को झाड़ियों से बाहर निकलवाया और पंचनामा कार्रवाई शुरू की। प्राथमिक जांच में शव की स्थिति को देखते हुए पुलिस ने आशंका जताई है कि शव करीब 10 से 15 दिन पुराना हो सकता है। लंबे समय तक खुले में पड़े रहने के कारण शव काफी हद तक सड़-गल चुका है, जिससे पहचान कर पाना मुश्किल हो रहा है। पुलिस का मानना है कि हत्या की घटना संभवतः किसी अन्य स्थान पर हुई हो और सबूत छिपाने के उद्देश्य से शव को यहां लाकर सड़क किनारे झाड़ियों में फेंक दिया गया हो। घटनास्थल हाईवे से कुछ दूरी पर होने के कारण यह भी माना जा रहा है कि आरोपियों ने सुनसान जगह का फायदा उठाकर शव को नीचे फेंका होगा।फिलहाल मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस आसपास के थाना क्षेत्रों में गुमशुदगी की रिपोर्ट खंगाल रही है और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और स्थानीय लोगों से पूछताछ के जरिए भी मामले की तह तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है।

## हिन्दू धर्म परिषद की लट्ठमार होली विन्ध्य में अनूठा आयोजन- डॉ शुक्ला साईं परिवार ने किया फूलों-गुलाल से होली मिलन




रीवा। हिन्दू धर्म परिषद द्वारा स्थानीय सॉई मंदिर में आयोजित लट्ठमार होली विन्ध्य में अनूठा आयोजन है जिसने ब्रज की परम्परा को यहॉ भी दिखलाने नगर वासियों को खुशियॉ मनाने का अवसर प्रदान किया है। यह उदगार बतौर मुख्य अतिथि संजय गांधी अस्पताल के पूर्व संचालक डॉ सी.बी.शुक्ला ने होली पर अपनी शुभकामनायें देते हुये व्यक्त किये। भव्य आयोजन की अध्यक्षता कर रहे परिषद के मार्गदर्शक डी पी सिंह परिहार ने कहा आने वाले वर्षो में यह आयोजन वृहद स्तर पर होगा जिसमें हर वर्ग के लोग शामिल रहेगे। बतौर विशिष्ट अतिथि मानस मण्डल के उपाध्यक्ष अशोक तिवारी, रेवाशंकर अवस्थी एड,पत्रकार मुकुन्द प्रसाद मिश्रा, पूर्व प्राचाग्र राजेन्द्र सिंह, प्रदीप गौतम सुमन, पियूषेन्द्र त्रिवेदी आदि उपस्थित रहे। स्वागत उदबोधन अध्यक्ष रिशि शंकर मिश्रा पटिया वाले ने किया। आभार प्रदर्शन कार्यक्रम प्रभारी संजय तिवारी मुन्ने ने किया। मंच संचालन रिदम ग्रुप उपाध्यक्ष अवनीश शर्मा ने लोगो को हॅसाने के साथ रोचक ढंग से किया। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत संरक्षक अवधेश श्रीवास्तव, इंजी0 राजेश श्रीवास्तव संयोजक सुमित मॉंजवानी के साथ महिला कार्यकारी अध्यक्ष डॉ0 सरोज सोनी ने किया। कार्यक्रम संयोजक नारायण डिगवानी के मार्गदर्शन में आयोजन सफल रहा। लट्ठमार होली के यादगार एवं मस्ती से भरे आयोजन में सॉई परिवार के मनसुखलाल, अजय धमीजा, राजेश साहनी, अनिल त्रिपाठी ने सबके साथ फूलो की होली खेती एवं मुह मीठा करवाया। रिदम म्यूजिकल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ0 विनोद तिवारी एवं महासचिव पियूष मिश्रा के साथ ग्रुप के सदस्यों सतीश मिश्रा, ललिता पांडे, नीलम गुप्ता, डॉ0 रेशम सिंह, सुलेखा पटेल, गुॅजन शुक्ला, दिलीप ठारवानी ने अपने होली गीतो पर खूब नचाया। इस अवसर में मंच संचालक अवनीश शर्मा एवं सॉई परिवार के राजेश साहनी ने अपने होली गीतों से समॉ बॉध दिया। सॉई नाथ की आरती एवं हनुमान चालीसा से आयोजन की शुरूआत हुई अंत में सबने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली मिलन में भाग लिया। महिलाओं ने लठ्ठ उठा के पुरूषो के सर पे बजा के लठ्ठमार होली का आनंद उठाया।

# उप मुख्यमंत्री ने झलबदरी तालाब सौन्दर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया



रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने अवधेश प्रताप सिंह विश्वद्यालय के समीप स्थित झलबदरी तालाब के सौन्दर्यीकरण कार्य का निरीक्षण किया। उल्लेखनीय है कि अमृत 2.0 मिशन अन्तर्गत एक करोड़ 48 लाख रूपये की लागत से झलबदरी तालाब का सौन्दर्यीकरण व जल संरक्षण का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने निर्देश दिये कि शेष कार्यों को शीघ्र पूर्ण करें ताकि इसका लोकार्पण किया जा सके। उन्होंने मार्तण्ड विद्यालय क्रमांक-2 परिसर में निर्माणाधीन अतिरिक्त कक्ष के निर्माण कार्य का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिये।